पाठ ४

कर्ण का मित्र प्रेम

QUESTION BANK

1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाषा के प्रयोग से कहीं ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता होता है, जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

प्रश्न-

(क) शिक्षक होता है

(i) राजनेता

(ii) साहित्यकार

(iii) अभिनेता

(iv) कवि

(ख) बातचीत में किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना चाहिए?

(i) अप्रचलित

(ii) प्रचलित

(iii) क्लिष्ट

(iv) रहस्यमयी

(ग) शिक्षक वर्ग को बोलना चाहिए?

(i) सोच-समझकर

(ii) ज्यादा

(iii) बिना सोचे-समझे

(iv) तुरंत

(घ) बातचीत में आदान-प्रदान होता है–

(i) केवल विचारों का

(ii) केवल भाषा का

(ii) केवल व्यक्तित्व का

(iv) विचारों एवं व्यक्तित्व का

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है

(i) बातचीत की कला

(ii) शब्दों का चयन

(iii) साहित्यिक भाषा

(iv) व्यक्तित्व का प्रभाव

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

1x5=5

१. कर्ण कहाँ पड़ा हुआ था ?

२. कर्ण किसका स्नेह पाकर बड़ा हुआ था ?

३. कर्ण को राजा - सा सम्मान कौन दिया ?

४. कर्ण किससे मुख न मोड़ने के लिए कहता है?

५. कर्ण किसके लिए सर्वस्व न्योछावर करने को कहता है?

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

3x6=18

१. कर्ण का रोम -रोन किसका ऋणी था और क्यों ?

२. कृष्ण, कर्ण को क्या समझाने की कोशिश कर रहे थे ?

३. कर्ण के बारे में आप क्या जानते हैं?

४." आ जाए अगर बैकुंठ नाय, उसको भी न्योछावर कर दूँ" भाव स्पष्ट कीजिए '

५. कर्ण दुर्योधन का साथ देना चाहता है क्यों?

६. सच्चे मित्र के क्या - क्या गुण होने चाहिए?

4.मूल्यपरक प्रश्न -

2x5=10

१. " मित्रता बड़ा अनमोल रतन" इस विषय पर एक परिच्छेद लिखिए ।

२.' सच्चा मित्र' पर एक छोटी -सी कहानी लिखिए ।

व्याकरण

1X5=5

१. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए -

(क) झूठ

(ख) स्वर्ग

(ग) नृप

(घ) सत्य

(ङ) सूर्य

२. निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

2X5=10

(क) न्योछावर - -------------------------------------

(ख) अनमोल - ------------------------------------

(ग) मित्रता - -----------------------------------

(घ) महिमावान - -----------------------------------

(ङ) कुरुपति - -----------------------------------

३. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए –

1X5=5

(क) बदलू सुंदर -सुदर चुड़ियाँ बनाता है।

(ख) राम बहुत अनुभवी है ।

(ग) देश में कोई ईमानदार ही नहीं रह गया है।

(घ) मैं कक्षा में प्रथम आया ।

(ड.) वह किसान परिश्रमी है।

४. दिए गए वाक्यों में से विशेष्य छाँटकर लिखिए -

1X5=5

(क) तारा बहुत चमकदार था ।

(ख) सब एक बड़े पेड़ से कूदे ।

(ग) राजा खुश होकर इनाम दिया ।

(घ) आकाश का दृश्य बहुत लुभावना लग रहा है ।

(ङ) मेरे घर के सामने एक बड़ा पीपल का वृक्ष है।

५. अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए -

1X10=10

१- दही जम गई है ।

२- सीमा बहुत विद्वान है।

३- हमारी कपड़ा फट गई ।

४- बच्चा छत पर से गिर गया ।

५- वह लड़के को बुला लाओ ,

६- नल से पानी बह रहे हैं।

७- हमें अपने देश पर अहंकार है।

८- हमने कई पुस्तकें पढ़ा है ।

९- तुम कर रहे हो क्या ?

१०- अपना समान ऊपर रख दो ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow